भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2020

जिसका उत्तर 06.08.2025 को दिया जाना है

कावुलकुंटला से नारायणपेट तक ग्रीनफील्ड राजमार्ग

2020 श्री येर्रम वेंकट सुब्बा रेड्डीः

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या आंध्र प्रदेश के प्रकाशम जिले में कावुलाकुंटला से नारायणपेट (पैकेज-IX) तक लगभग 7.5 किलोमीटर लंबे छह लेन वाले प्रवेश नियंत्रित ग्रीनफील्ड राजमार्ग को 1093 करोड़ रूपये की अनुमानित लागत के साथ मार्च, 2023 में मंजूरी दी गई थी;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या कार्य शुरू हो गया है और यदि हाँ, तो कार्य कब तक पूरा होने का अनुमान है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ग) मार्च 2023 में कावुलाकुंटला से नारायणपेट तक छह लेन प्रवेश नियंत्रित ग्रीनफील्ड राजमार्ग परियोजना को मंजूरी दे दी है, जिसकी लंबाई 7.5 किमी और अनुमानित लागत 1092.18 करोड़ रुपये है। यह परियोजना कडप्पा और नेल्लोर जिलों से होकर गुजरती है।

यह परियोजना बेंगलुरु-कडप्पा-विजयवाड़ा आर्थिक गलियारे का एक भाग है और इस परियोजना के लिए करार पर दिनांक 07.06.2023 को हस्ताक्षर किए गए थे। निर्धारित समापन तिथि 06.02.2027 के साथ दिनांक 07.02.2025 को कार्य शुरू कर दिया गया है।

*****